Title: Need to upgrade Post Office Passport Seva Kendra,

Ajmer to a full-fledged Passport office.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): अजमेर संभाग मुख्यालय पर संचालित पोस्टऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र अजमेर 4 मार्च 2018 से निरन्तर आमजन को अपनी सेवाए दे रहा है।यहॉ पर वर्तमान में अजमेर संभाग के चारों जिला यथा- अजमेर, भीलवाडा, नागौर, टोंक के साथ-साथ पाली एवं राजसमंद जिले एवं संसदीय क्षेत्र के व्यापारी वर्ग, उद्यमी वर्ग, उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओ के साथ-साथ आमजन को पासपोर्ट सबंधी सेवाओं का आंशिक लाभ ही मिल रहा है। लेकिन वर्तमान आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए उक्त पासपोर्ट सेवा केन्द्र अजमेर में तत्काल पासपोर्ट, पीसीसी की सुविधा,सत्यापित करने वाले सक्षम अधिकारी के अभाव आदि के साथ-साथ अन्य विभागीय सेवाओं का समग्र लाभ उक्त सभी वांछित वर्गो को नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान मे राजस्थान प्रदेश में रीजनल पासपोर्ट अधिकारी जयपुर के अधीन चार स्थानो पर यथा-जयपुर, जोधपुर, उदयपुर एवं सीकर में ही पूर्ण पासपोर्ट सेवा केन्द्र संचालित है और अजमेर में संचालित पोस्टऑफिस पासपोर्ट सेवाकेन्द्र का कार्यभार प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों पर संचालित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र से अधिक है। अतः माननीय केन्द्रीय विदेश मंत्री महोदय से करबद्ध निवेदन है कि अजमेर (राजस्थान) संभाग मुख्यालय पर वर्तमान में संचालित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र अजमेर को आगामी बजट 2023-24 की विभागीय कार्य योजनाओं के अन्तर्गत पूर्ण पासपोर्ट सेवा केन्द्र में क्रमोन्नत कराने की सक्षम विभागीय स्वीकृती जारी कराकर मुझे अनुग्रहित करावें, ताकि अजमेर संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ भीलवाड़ा, नागौर, टोंक, पाली, राजसमंद संसदीय क्षेत्रों के वाशिंदों को उक्तपूर्ण पासपोर्ट सेवाकेन्द्र अजमेर की स्थापना का समग्र एवं समुचित लाभ मिल सके।